स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप

चर्चा में क्यों?

हाल ही में स्वामी विवेकानंद **अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल** रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड, नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया था।

मुख्य बिंदु:

- **असम** फुटबॉल चैंपियनशिप के **क्वार्टर फाइनल में मिज़ोरम से हार** गया। चैंपियनशिप में **कुल 32 राज्यों ने भाग** लिया।
- **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (All India Football Federation- AIFF)** ने अप्रैल 2024 में स्वामी विवेकानंद U20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप की घोषणा की।
  - नई शुरू की गई U20 चैंपियनशिप के अलावा, AIFF दो अन्य पुरुष आयु वर्ग प्रतियोगिताएँ, जूनियर NFC और सब-जूनियर NFC भी आयोजित करता है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (All India Football Federation- AIFF)

- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) **भारत में फुटबॉल खेल के प्रबंधन से संबंधित संगठन है।**
- यह भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के संचालन का प्रबंधन करता है और कई अन्य प्रतियोगिताओं तथा टीमों के अलावा भारत की प्रमुख घरेलू क्लब प्रतियोगिता **I**-लीग को भी नियंत्रित करता है।
- AIFF की **स्थापना वर्ष 1937 में हुई थी** और **वर्ष 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1948** में **फीफा की संबद्धता** प्राप्त की थी।
- वर्तमान में इसका कार्यालय द्वारका, नई दिल्ली में है। भारत में यह वर्ष 1954 में एशियाई फुटबॉल परिसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swami-vivekananda-national-football-championship